दिव्य हिमाचल E-Paper
देवभूमि का सर्वाधिक लोकप्रिय मीडिया

प्रदेश के 141 केंद्रों पर टेट टीजीटी आर्ट्स-जेबीटी परीक्षा

नगर संवाददाता– धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) नवंबर, 2026 के तहत रविवार को टीजीटी (आर्ट्स) और जेबीटी विषयों की परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक आयोजित की गईं। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि दोनों परीक्षाओं के लिए प्रदेशभर में कुल 141 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे। उन्होंने बताया कि टीजीटी आर्ट्स परीक्षा के लिए 14,186 अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड जारी किए गए थे। इसके लिए प्रदेशभर में 80 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। वहीं, जेबीटी विषय की परीक्षा के लिए 7,773 अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड जारी किए गए थे और परीक्षा संचालन के लिए 61 केंद्र स्थापित किए गए थे। डा. राजेश शर्मा ने बताया कि दोनों विषयों की परीक्षाएं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार संपन्न हुईं। परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने और अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए सभी केंद्रों पर आवश्यक प्रबंध किए गए थे। उन्होंने परीक्षा के सफल आयोजन के लिए ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों, केंद्र अधीक्षकों और अन्य संबंधित कर्मियों के सहयोग की सराहना की। साथ ही परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

Dainik Jagran dated 23.11.26

प्रदेशभर में 21959 अभ्यर्थियों ने दिया टेट

जागरण संवाददाता, धर्मशाला : प्रदेशभर में शिक्षा बोर्ड की ओर से ली टीजीटी आर्ट्स और जेबीटी की शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) शांतिपूर्ण संपन्न हो गई। 21959 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि टीजीटी आर्ट्स शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए 14,186 अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड जारी किए गए थे। इसके लिए प्रदेशभर में 80 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जेबीटी की शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए 7,773 अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड जारी हुए और परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए 61 केंद्र स्थापित किए गए थे। टीजीटी व जेबीटी टेट निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार संपन्न हुई। अभ्यर्थियों की सुविधा और परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थी। सभी केंद्रों पर परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए उचित प्रबंध किए गए। उन्होंने परीक्षा ड्यूटी में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों, केंद्र अधीक्षकों और कर्मचारियों की सराहना की।

Dainik Savera 23.11.26

21,959 अभ्यर्थियों के लिए 141 केंद्रों पर हुई टेट परीक्षा

◆ टीजीटी आर्ट्स के 14,186 और जेबीटी के 7,773 अभ्यर्थियों के लिए जारी हुए थे एडमिट कार्ड

सवेरा न्यूज/ब्यूरो, धर्मशाला , 22 नवंबर : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से रविवार को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) नवंबर-2026 के तहत टीजीटी (आर्ट्स) और जेबीटी विषयों की परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक आयोजित की गईं। दोनों विषयों की परीक्षाओं के लिए कुल 21,959 अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड जारी किए गए थे। इनके लिए प्रदेशभर में 141 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि टीजीटी (आर्ट्स) परीक्षा के लिए 14,186 अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड जारी किए गए थे। इस परीक्षा के आयोजन के लिए प्रदेशभर में 80 केंद्र बनाए गए थे। वहीं, जेबीटी टेट के लिए 7,773 अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड जारी किए गए थे और इसके लिए 61 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे। उन्होंने बताया कि दोनों विषयों की परीक्षाएं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा के सुचारू संचालन, अभ्यर्थियों की सुविधा और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। डॉ. राजेश शर्मा ने परीक्षा के सफल आयोजन के लिए ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों, केंद्र अधीक्षकों और अन्य संबंधित कर्मचारियों के सहयोग की सराहना की। उन्होंने परीक्षा में शामिल सभी अभ्यर्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

Bhartendu Shikhar dtd.
23.11.2026

टीजीटी आर्ट्स व जेबीटी टेट की परीक्षाएं संपन्न, 21 हजार अभ्यर्थियों ने लिया हिस्सा

भारतेन्दु संवाददाता, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) नवंबर-2026 के अंतर्गत टीजीटी (आर्ट्स) एवं जेबीटी विषयों की परीक्षाएं रविवार को सफलतापूर्वक आयोजित करवाई गईं।बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि टीजीटी आर्ट्स विषय की परीक्षा के लिए कुल 14,186 अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड जारी किए गए थे, जिसके लिए प्रदेश भर में 80 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए थे। इसी प्रकार, जेबीटी विषय की परीक्षा के लिए कुल 7,773 अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड जारी किए गए थे तथा परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए 61 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। डॉ. शर्मा ने बताया कि दोनों विषयों की परीक्षाएं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार सफलतापूर्वक संपन्न हुईं।